कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.08.2023

थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा हुकुलगंज मे तलवार लेकर एक युवक को खुलेआम दौड़ाने के मामले मे शातिर अभियुक्त सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू सिंह तलवार के साथ गिरफ्तार।

दिनांक-20.08.2023 से वाट्सऐप, ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल खबर "दबंग ने तलवार लेकर खुलेआम युवक को दौडाया,सीसीटीवी मे कैद हुई घटना" व वायरल वीडियो को तत्काल संज्ञान मे लेते हुए श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा वायरल वीडियो की जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज मे दिखाई दे रहे युवकों की पहचान सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू सिंह व अन्नू सोनकर उर्फ रोहित के रूप मे हुई, जिनकी गिरफ़्तारी हेतु सर्विलांस सेल वाराणसी की सहायता से व मुखबिर की सूचना पर बाघाबीर बाबा मन्दिर बघवानाला पाण्डेयपुर वाराणसी से अभियुक्त सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी-एस 8/265 एफ तिरूपति नगर खजुरी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को दिनांक-24.08.2023 को समय करीब 22.15 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से वीडियो मे दिखाई दे रही तलवार को बरामद किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के संबंध मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-235/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सूर्य प्रताप सिंह उर्फ रिशू सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी-एस 8/265 एफ तिरूपति नगर खजुरी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी, उम्र 33 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-एक अदद तलवार बरामद ।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-0798/2017 धारा 506 IPC थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.मु0अ0सं0-0385/2021 धारा 323,504,506 IPC थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.मु0अ0सं0-0153/2015 धारा 25,27 इंडियन आर्मस एक्ट 1969, धारा 31(A) क्रिमिनल लॉ(अमेन्डमेन्ट)एक्ट 1934, धारा 307 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4.मु0अ0सं0-0194/2015 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.थानाध्यक्ष मनोज कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 हर्षमणि तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 अमित सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.हे0का0 सुरेन्द्र कुमार मौर्य थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5.हे0का0 चन्द्रेश कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6.का0 अमरेश यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7.का0 मनीष तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
8.हे0का0 अनुगृह वर्मा सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी